उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल)
UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI, NAINITAL


पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/425(03)/2025/ 626 दिनांक 05/08/2025

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय निदेशक,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

**विषय- विश्वविद्यालय परीक्षाओं में प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकओं व अन्य निष्प्रयोजन प्रपत्रों के विनष्टीकरण के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

एतद् द्वारा सूचित किया जाना हैं कि विश्वविद्यालय प्रशासन विश्वविद्यालय (परीक्षा सत्र- दिसम्बर -2023 एवं जून-2024 की वार्षिक/सेमेस्टर) परीक्षाओं की प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं, सत्रीय कार्य, क्षेत्रीय कार्य, लघु शोध, परियोजना कार्य, उपस्थिति प्रपत्र,मुख्य परीक्षा/बैक परीक्षा/सुधार परीक्षा आवेदन पत्र व अन्य निष्प्रयोजय प्रपत्रों को विनष्ट करने की कार्यवाही प्रारम्भ की जा रही है। अत: विश्वविद्यालय के समस्त क्षेत्रीय निदेशक, समन्वयक, अध्ययन केन्द्र व विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित परीक्षा अभिलेखों यथा उत्तरपुस्तिका आदि के अन्तर्गत कोई शिकायत या वाद लम्बित है एवं उक्त प्रश्नगत अभिलेख संरक्षित किए जाने की आवश्यकता है तब ऐसी स्थिति में औचित्य पूर्ण तथ्य के आधार पर विज्ञप्ति की तिथि से 30 दिनों के अन्दर लिखित रूप में विश्वविद्यालय कार्यालय को निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे तदनुसार कार्यवाही की जा सके, अन्यथा निर्धारित समयावधि के बाद प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकओं व परीक्षा संबंधी निष्प्रयोजन प्रपत्रों को विनष्ट कर दिया जायेगा।

कृपया इस पर विशेष ध्यान देकर विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करते हुए **विज्ञप्ति दिनांक 05/08/2025 जो कि समाचार (हिन्दुस्तान एवं दैनिक जागरण) में प्रकाशित हुई है,** का सन्दर्भ ग्रहण करते हुए तथा विज्ञप्ति/सूचना को अपने क्षेत्रीय कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करने का कष्ट करें।

भवदीय

05/08/2025

(प्रो0 सोमेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**पृ0 संख्या व दिनांक- उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. विशेष कार्याधिकरी,कुलपति महोदय को मा0कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव,उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी।
3. वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी।
4. सहायक क्षेत्रीय निदेशक एवं समस्त अध्ययन केन्द्र, उ0मु0वि0को अपने स्तर से सूचना प्रसारित करने की कार्यवाही हेतु।
5. उप परीक्षा नियंत्रक/सहायक परीक्षा नियंत्रक एवं सहायक कुलसचिव (परीक्षा) उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी।
6. सहायक कुलसचिव, अनुरक्षण अनुभाग, उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी।
7. आर0एस0डी0 अनुभाग को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त सूचना को सभी क्षेत्रीय कार्यालयों व अध्ययन केन्द्रों को मेल के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
8. आई0सी0टी0 अनुभाग उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी को संबंधित सूचना वैबसाइट में प्रसारित की जाने हेतु प्रेषित।
9. समस्त वि0वि0 कार्मिक, लोक सूचना अनुभाग एवं सूचना पटल,उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी।
10. संबंधित पत्रावली।

05/08/2025

परीक्षा नियंत्रक